

02 निगम कर्मियों की हड़ताल समाप्त

# आज समाज

www.aajsamaaj.com



04 जेसी बोस विश्वविद्यालय में छात्रों के लिए रोजगार संगोष्ठी का आयोजन

नई दिल्ली, पृष्ठ-04, गुरुवार, 19 मई 2022 | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र | शक संवत 1443, माघ शुक्ल पक्ष षष्ठी, मूल्य, 2.00 रुपए


# अग्रवाल कॉलेज में हुआ करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन



कार्यक्रम उपरांत संस्था एवं कालेज टीम के साथ विद्यार्थी। विशाल त्रिवेदी

## सेमिनार में 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया

आज समाज नेटवर्क

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल कॉलेज फरीदाबाद में बृहस्पतिवार को शहर की प्रमुख संस्था सोनू नव चेतना फाउंडेशन व टीचर कूल की फाउंडर जन्नत खत्री द्वारा मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत गुप्ता के मार्गदर्शन में मैनेजमेंट डिपार्टमेंट की विभागाध्यक्ष डॉ शिल्पा गोयल एव इकोनॉमिक्स डिपार्टमेंट की विभागाध्यक्ष ऊषा चौधरी ने किया।

कार्यक्रम की शुरूआत में ऊषा चौधरी ने अतिथियों का पुष्प द्वारा स्वागत किया। जन्नत खत्री ने कार्यक्रम के बारे में सभी को अवगत कराया वहीं उन्होंने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया और राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभाने के लिए युवाओं का आह्वान किया। सेमिनार में 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रायोजक के रूप में सोनू नव चेतना फाउंडेशन को शामिल किया गया जिनकी तरफ से सभी बच्चों को सर्टिफिकेट और शील्ड दी गयीं। डॉ शिल्पा गोयल ने सभी को सन्देश दिया कि अच्छी शिक्षण शैली, अच्छे संस्कारों की शिक्षा से ऐसे समाज का निर्माण करें जिसमें नैतिक मूल्यों का स्थायित्व रहे।

कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी गतिविधि का आयोजन किया गया, प्रश्नोत्तरी के आयोजन स्वरूप भी बहुत से विद्यार्थियों को विशेष उपहार दिए गए। मंच का संचालन सोनिया ने किया, इस मौके पर दीपमाला, सोनिया,भूमि गुप्ता, प्रसून एवं राघव आदि उपस्थित रहे। सभी ने युवाओं की जागरूकता हेतू विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया।